Avoid to do auspicious work in these dates.

Feb. 15, 22 : 24	Feb. 16, 21 : 45
Feb. 16, 22 : 16	Feb. 17, 21 : 45
Mar. 13, 15 : 55	Mar. 17, 21 : 45
Apr. 16, 29 : 44	Apr. 17, 22 : 27
Jun. 21, 21 : 07	Jun. 22, 08 : 24
Aug. 25, 18 : 09	Aug. 25, 30 : 25
Aug. 26, 16 : 49	Aug. 26, 30 : 08
Sep. 21, 08 : 43	Sep. 21, 15 : 06
Oct. 25, 17 : 52	Oct. 25, 24 : 16
Dec. 12, 24 : 35	Dec. 13, 16 : 40

धर्मशास्त्रीय विवेक

1. विल्व पत्र —

विल्पपत्र छः मास वासी नहीं होता अतः तोड़ने पर षड्मास तक पूजा में ग्राह्य है। सूर्य व गणेश को छोड़कर बिल्वपत्र सभी देवों पर चढ़ाया जा सकता है।

2. तुलसी व आंवला —

द्वादशी को तुलसी पत्र तथा कार्तिक मास में आंवला तोड़ना शुभ नहीं। शालीग्राम पूजा हेतु तुलसी पत्र नित्य तोड़ने से अपराध नहीं होता।

3. शिक्षा —

सभी वर्णों को शिखा धारण करनी चाहिए। देवगण व पितृगण शिखा का ही आश्रयण करते हैं।

शिखा ग्रन्थि मंत्र- ब्रह्मवाक्य सहस्रेण शिववाक्य शतेन च।
विषर्णोनाम सहस्रेण शिखा ग्रन्थिं करोम्यहम्॥

शिखा मुक्ति (खोलने) मंत्र-
ब्रह्मपाश सहस्रेण रुद्रस्रेण रुद्रशूल शतेन च।
विष्णु चक्र सहस्रेण शिखा मुक्तिं करोम्यहम्॥

4. व्रत में बार-बार जल पीना, पान चबाना, मैथुन व दिन में सोना पुण्य को क्षीण करता है।
5. यज्ञशाला, गोशाला, देवमूर्ति, विप्र, गुरु व भोजन करते समय जूता उतार देना चाहिए अन्यथा तन क्षीण, मन अशान्त व धन ह्रास होता है।
6. अन्न ब्रह्म है, कभई निंदा न करें, व्यर्थ भी गंवाना नहीं चाहिए। समय पर जो सात्विक भोजन मिल उसे शांत होकर ग्रहण करने से आयु, बुद्धि व शान्ति की वृद्धि होती है।
7. भोजनोपरान्त शत (सौ) पद चलने वाला, ताम्बूला लेने वाला व अपनी बायीं करवट सोने वाला सदा स्वस्थ रहता है, उसे औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ती।
8. सभी में, यज्ञ में, देवालय में सभी को इकट्ठा ही प्रणाम करें। पृथक् पृथक् प्रणाम करने की आवश्यकता नहीं।
9. पूर्वाह्न में देवकार्य, मध्याह्न में मनुष्य कार्य और अपराह्न में पितृ कर्म करना हितकर है।
10. खड़े होकर जल नहीं पीना चाहिए। न जलं चोत्थितः पिबेत् (स्कन्द पुराण)
11. अग्नि, गायों, ब्राह्मणों व दम्पति के बीच में से कभी नहीं निकलना चाहिए।
12. विवाह और विवाद समान व्यक्तियों से ही होना चाहिए।
13. शमशान भूमि से वापस आकर बिना स्नान किए देवार्चन स्पर्श व अन्न ग्रहण करना अरिष्टकर है।
14. ज्येष्ठ पुत्र या पुत्री का विवाह उसके जन्म मास, जन्म नक्षत्र व जन्म दिन में न करें।
15. पुत्र विवाह पश्चात् 6 मास तक पुत्री का विवाह न करें।

Scriptural Wisdom

1. **Vilva Patra (leaves of wood apple tree)**
Vilva patra is not available all the six months. hence even after plucking it can be used for next six month. This can be offered to all deities except Sun and Lord Ganesh.
2. **Tulsi and Aamala (basil and Indian Goosberry)**
It is not auspicious to pluck Tulsi leaves on twelfth of Moon month and Indian gooseberry in the month of Kartik. If Tulsi is plucked for Saligram Puja daily, it is not inauspicious.
3. **Shikha (Bunch of tied hair at the back of head)**
Every one should have shikha. All the gods and paternal beings have these. The scrip-tural mantra for Shikha is "Brahmavakya sahastrain shivvaya shaten ch, Vishnornam sahastrain shikha granthim karomyaham". For untying the mantra is "Brahmapaash sa-hastrain rudrashul shaten ch, Vishnu chakra sahastrain shikha muktim karomyaham".
4. It makes the effect of fast very weak, if one takes water, eating 'pan leaves, coitus enjoyment, sleeping in the day etc.
5. One should take out shoes before entering cow shed, hall of sacrifice, place of deity, place of elderly and teacher, otherwise, body gets affected, disturbs peace and loss of money.
6. Food is like Brahma; it should not be cursed or wasted. One should accept the pure & good food with mental peace; this will give you longevity, wisdom and peace of mind.
7. One may not need any medicine, if one walks 100 steps, eating 'pan' leaves and sleeping on left side after dinner. He will always be healthy.
8. One should bow head all at one time in a congregation, place of sacrifice, and place of deities. One should not separately bow.
9. It is always beneficial to worship in the morning, routine jobs in the afternoon and all paternal work in the evening.
10. One should not drink water standing. ' Na jalam chotthimah pivait' (skanda Puran).
11. Never cross fire, cows, Brahmins and couples.
12. Marriage and arguments should always be done with people of the same calibre.
13. It is harmful to worship, eating food and even touching a deity without taking bath after coming from funeral.
14. Do not marry your eider son or daughter in the same month, star or day of his birth.
15. Do not marry the daughter for six months after the marriage of son.

सूर्य व चन्द्र ग्रहण विवरण 2024

वर्ष 2024 में कुल चार ग्रहण होंगे । जिनमें दो सूर्यग्रहण और दो चन्द्रग्रहण होंगे । सभी ग्रहण विश्व के विभिन्न स्थलों पर दिखाई देंगे । पाठकवृंद कृपया ध्यान दें कि ग्रहण जहां दिखाई देता है उसका प्रभाव वहीं होगा, अन्यत्र नहीं । ग्रहण का समय, स्थल व राशियों पर प्रभाव निम्न प्रकार से होगा ।

1 चन्द्रग्रहण 25 मार्च, 2024 सोमवार

ग्रहण प्रारम्भ 00:51 AM EDT तथा समाप्त 5:35 AM EDT

यह ग्रहण लगभग समूचे उत्तरी अमेरिका में दिखाई देगा ।

2 सूर्यग्रहण 8 अप्रैल, 2024 सोमवार

ग्रहण प्रारम्भ 11:40 AM EDT तथा समाप्त 4:50 PM EDT

यह ग्रहण अलास्का को छोड़कर उत्तरी अमेरिका में दिखाई देगा ।

3 चन्द्रग्रहण 17 - 18 सितम्बर, 2024 बुधवार

ग्रहण प्रारम्भ 17 सितम्बर, 8:38 PM EDT तथा 18 सितम्बर, समाप्त 00:48 AM EDT यह ग्रहण भी लगभग सारे उत्तरी अमेरिका में दृष्टिगत होगा ।

4 सूर्यग्रहण 2 अक्टूबर, 2024 गुरुवार

ग्रहण प्रारम्भ 5:40 AM HAT तथा समाप्त 11:47 AM HAT

यह ग्रहण केवल हवाई के कुछ भागों में ही दृष्टिगत होगा ।

ग्रहण	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
मार्च २५	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ
अप्रैल ०८	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ
सितम्बर १८	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ
अक्तूबर ०२	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ

उपरोक्त तालिका से आप अपनी राशि के अनुसार ग्रहण का क्या प्रभाव है जान सकते हैं। पुन: ध्यान दें कि जहां ग्रहण दृष्टिगत होगा वहीं पर उसका अच्छा या बुरा प्रभाव होगा, अन्यत्र नहीं ।

ग्रहण में क्या करें:-

सूर्येन्दु ग्रहणं यावन्तावन्कुर्याज्जपादिकम्।
न स्वपेत् न भुञ्जीत स्नात्वा भुञ्जीत् मुक्त्योः॥

अर्थात् ग्रहण का समय में परमात्मा की पूजा, प्रार्थना, जाप करना चाहिए। ग्रहण काल में खाना-पीना ओर सोना नहीं चाहिए। ग्रहण समाप्ति पर भगवत्स्मरण करते हुए स्नान करके खाना-पीना करना चाहिए। विशेष रूप से गर्भवती स्त्रियों को ग्रहण का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्हें न सोना चाहिए, न ग्रहण देखना चाहिए, केवल प्रभु भजन, गीता, रामायण, भगवद् कथा आदि का पाठ करें।

ग्रहण में 'चूड़ामणि योग' :-

जब रविवार को सूर्यग्रहण लगे और चन्द्रग्रहण सोमवार को लगे तो यही चूड़ामणि योग कहलाता है। सूर्य पुराण में लिखा है कि :-

अन्यवारे यदा भानोरिन्दोर्वा ग्रहणं भवेत्।
तत्फलं कोटिगुणितं ज्ञेयं चूडामणौ ग्रहे॥

अर्थात् अन्य वारों की अपेक्षा रवि सोम को इन ग्रहणों का पुण्य कोटिगुणा अधिक कहा गया है। ऐसे काल में मन्त्र सिद्धि, इष्टदेव उपासना करना अनेक अनिष्टों, जन्म-जन्मान्तर के पापों का नाश करती है, सब प्रकार से कल्याण करता है।

जिसके जन्म नक्षत्र का जन्म राशि पर ग्रहण हो तो उस व्यक्ति को ग्रहण मृत्युतुल्य कष्टप्रद होता है। मृत्यु का तात्पर्य यहाँ मृत्यु से नहीं, बल्कि 'पंचस्वरा' ग्रन्थ में लिखा है:-

व्यथा दुखं भयं लज्जा रोगः शोकस्तथैव च।
मरणं चापमानञ्च मृत्युरष्टविधः स्मृतः॥

अर्थात् व्यथा, दु:ख, भय, लज्जा, रोग, शोक, मरण, अपमान आदि आठ प्रकार के कष्ट होते हैं जो मृत्युतुल्य माने जाते हैं।

चन्द्र-सूर्य ग्रहण विश्व को कब प्रभावित करते हैं :-

सूर्य ग्रहण के बाद अगले पक्ष में चन्द्र ग्रहण आये तो सारे संसार के लिए सुखद, शान्तिदायक और चन्द्रग्रहण के बाद सूर्यग्रहण पड़े तो विश्व में दैहिक-दैविक-भौतिक कष्टप्रद होता है।

ग्रहण का पुण्यकाल व सूतक विचार :-

जिस स्थान पर ग्रहण दिखाई पड़े, वहीं पर जप-तप, दान-पुण्य के लिए व राशि अनुसार शुभाशुभ फल होता है। लगभग 12 घण्टे पहले सूर्यग्रहण का तथा 9 घण्टे पहले चन्द्रग्रहण का सूतक माना जाता है। सूतक काल से ग्रहण समाप्ति तक शयन, भोजन, मैथुन आदि का परित्याग कर ईश्वर आराधन, जप-तप, पूजा-पाठ करनेसे अनन्त पुण्य मिलता है।

मंत्र दीक्षा :- सूर्यग्रहण का काल मंत्र दीक्षा व मंत्र व साधना हेतु विशेष शुभ माना जाता है। ग्रहण का दिन व उससे अगला दिन विवाहादि मंगल कार्यों, व्रतारम्भ व व्रत उद्यापन हेतू शुभ नहीं माना जाता है।



SOLAR AND LUNAR ECLIPSES IN 2024



There will be total four eclipses in 2024, two solar and two lunar eclipses. Some eclipses will be visible in North America and some from other parts of the world.

1. March 25, 2024, Monday – Lunar Eclipse
Eclipses commences 00:51 AM EDT and concludes 5:35 AM EDT
This eclipse will be visible from whole North America.

2. April 8, 2024, Monday – Solar Eclipse
Eclipse commences 11:40 AM EDT and concludes 4:50 PM EDT
This eclipse will be visible from North America excluding Alaska.

3. September 17 - 18, 2024, Wednesday – Lunar Eclipse
Eclipse commences on 17 Sep, 8:38 PM EDT and concludes on 18 Sep, 12:48 AM EDT. This eclipse will be visible from whole North America.

4. October 2, 2024, Thursday – Solar Eclipse
Eclipse commences 5:40 AM HAT and concludes 11:47 AM HAT
This eclipse will be visible from Hawaii only.

Eclipse	Mesh	Vrish	Mithun	Kark	Singh	Kanya	Tula	Vrishch	Dhanu	Makar	Kumbh	Meen
March 25	Bad	Bad	Good	Good	Med	Bad	Med.	Good	Bad	Bad	Good	Med
April 08	Bad	Med.	Good	Bad	Bad	Good	Med.	Bad	Bad	Good	Good	Med.
Sept. 28	Good	Bad	Bad	Good	Med.	Bad	Bad	Good	Good	Med.	Bad	Med
Oct. 03	Bad	Bad	Good	Good	Med.	Bad	Med.	Good	Bad	Bad	Good	Med.

Depending on the time, date and birth's zodiac sign of individuals, please consult on the chart given below.

According to the following Scriptural ad-vice on eclipses :
"Suryendu Grahanam Yaavat-taavan-kuryaat-japaadikam
Na Swapait Na Bhunjeet Snaatvaa Bhunjeet Muktayoh."
During the eclipses of the Sun and the Moon, one should spend time in prayer and worshipping to God. There should be no eating and bathing during this time. After the eclipse, one should take bath while reciting prayers to God and then take food.

"Chooramani Yog" during eclipse :— Chooramani. Yog is said to occur, when a Solar eclipse takes place on a Sunday and a Lunar eclipse takes place on Monday. Surya Puran Says :—

Anyavare yada bhanorindorva grahanam bhavet I
tatphalam kotigunitam gyeyam Chudarnanau grahe II

Meaning that compared to other days, occurence of eclipses on Sunday or Monday multiply the auspiciousness many fold. During these occasions doing Mantra Siddhi and worshipping ones' Ishta Deva (Chosen Deity) washes away sins and ill fortunes of many previous incarnations of a person. It is beneficial in every way.

Eclipse occurring during birth Nakshatra or birth Rashi of a person can lead to the grave suffering of that person. In this respect **Panch-Swara scrip-ture says :**—

Vyatha dukham bhayam lajja rogah shokastathaiva cha I
maranam chapamanancha mrityurashtavidhaa smritaa II

Meaning that physical and mental suffering , fear, disease, shame, bereavement, insult and death, these eight are all equal to death. When the Solar and Lunar eclipse influence the World :— Solar eclipse fol-lowed by lunar eclipse in next Paksha (fortnight) is beneficial for the whole world. If these happen in reverse (lunar eclipse followed by solar eclipse) the effect is all kinds of sufferings.

Auspicious duration of an eclipse and Sutaka :—
An eclipse exerts an effect only where it is (geographically) visible and and is good for meditation, Japa and for donation etc. The Sutak of a solar eclipse start 12 hours before its onset and that of lunar one 9 hours before its onset. From the onset of Sutak till the end of the eclipse one should avoid sleeping, eating and sexual activities. Eclipses time is very auspicious for the prayers to God and give do-nations. The pregnant women should, especially, heed the advice that they should not eat, drink and bath during the eclipse time just J Med do prayer.

जन्म से पूर्व एवं मृत्युपश्चात् योगायोग विचार

भारतीय ऋषियों ने अपनी साधना, लग्न, परिश्रम एवं दिव्य ज्ञान से ग्रहों की गति का अध्ययन करके जो निष्कर्ष निकाले, वे वस्तुत: प्रामाणिक होने के साथ-साथ इस बात के सूचक भी हैं कि इन सिद्धान्तों, नियमों एवं तथ्यों के पीछे आर्य ऋषियों की सैकड़ों-हज़ारों वर्षों की तपस्या एवं अनुभूति है। मानव-जीवन के छोटे से छोटे तथ्य पर भी इन ऋषियों ने विचार एवं अनुभव प्राप्त किया है। हानि-लाभ, सुख-दुख जीवन-मरण आदि का विवेचन करने के साथ-साथ उन्होंने ग्रहों की गति एवं स्थिति के आधार पर आवागमन पर भी प्रकाश डाला है।

बालक जिस समय जन्म लेता है उस समय का शोधनकर अक्षांश-देशांतर-संस्कार करने के पश्चात् बालक की जन्मकुण्डली बनाई जाती है। उस समय के ग्रहों की स्थिति के अध्ययन के फलस्वरूप यह ज्ञात किया जा सकता है कि बालक किस योनि में आया है और मृत्यु के पश्चात् उसकी क्या गति होगी। नीचे इस सम्बन्ध में कुछ विशेष योग प्रस्तुत किये जा रहे हैं-

जन्म-पूर्व योनि-विचार

1. यदि जातक की जन्म-कुण्डली में चार या इससे अधिक ग्रह उच्च राशि के अथवा स्वराशि के हों तो जीव ने उत्तम योनि भोगकर यहाँ जन्म लिया है, ऐसा समझना चाहिए।
2. लग्न में उच्चराशि का या स्वराशि का चन्द्रमा हो तो बालक पूर्वजन्म में सद्विवेकी वणिक थी, यह मानना चाहिए।
3. लग्नस्थ गुरु इस बातका सूचक है कि बालक पूर्वजन्म में वेदपाठी ब्राह्मण था। यदि जन्मकुण्डली में कहीं भी उच्च का गुरु होकर लग्न को देख रहा है तो बालक पूर्वजन्म में धर्मात्मा, सद्गुणी एवं विवेकशील साधु अथवा तपस्वी था- ऐसा ऋषियों का कथन है।
4. यदि जन्मकुण्डली में सूर्य, छठे, आठवें या बारहवें भाव में अथवा तुला राशि का हो तो बालक पूर्वजन्म में पापरत एवं भ्रष्टजीवन व्यतीत करने वाला था- यह जानना चाहिए।
5. लग्न या सप्तम भाव में यदि शुक्र हो तो जातक पूर्वजन्म में राजा या प्रसिद्ध सेठ था तथा पूर्णत: भोगी जीवन बिताने वाला था- यह मानना चाहिए।
6. लग्न, एकादश, सप्तम या चौथे भाव में शनि इस बात का सूचक है कि बालक पूर्वजन्म में शूद्र परिवार से सम्बन्धित था तथा पापपूर्ण कार्यों में रत था।
7. यदि लग्न या सप्तम भाव में राहु हो तो बालक की पूर्वमृत्यु स्वाभाविक रूप में नहीं समझनी चाहिए।
8. चार या इससे अधिक ग्रह जन्म-कुण्डली में नीच राशि के हों तो बालक ने पूर्वजन्म में निश्चय ही आत्महत्या की होगी, ऐसी ऋषियों का कथन है।
9. लग्नस्थ बुध स्पष्ट करता है कि जातक पूर्वजन्म में वणिक-पुत्र था एवं विविध क्लेशों से ग्रस्त रहता था।
10. सप्तम भाव, षष्ठ भाव या दशम भाव में मंगल की उपस्थित यह स्पष्ट करती है कि जातक पूर्वजन्म में अत्यन्त क्रोधी स्वभाव का था तथा कई व्यक्ति उससे पीड़ित रहते थे।
11. बृहस्पति शुभ ग्रहों से दृष्ट हो तथा गुरु पंचम या नवम भाव में हो तो जातक पूर्वजन्म में वीतरागी था- यह समझना चाहिए।
12. एकादश में सूर्य, पंचम में बृहस्पति तथा द्वादश भाव में शुक्र इस बात के द्योतक हैं कि जातक पूर्वजन्म में धर्मात्मा लोगों की सहायता करने वाला तथा दान-पुण्य में तत्पर ईश्वराराधक था। ऐसा भारतीय ऋषियों का कथन है।

मृत्यु उपरान्त ग्रह-विचार —

1. कुण्डली में कहीं पर भी यदि उच्च राशि (कर्कराशि) का बृहस्पति स्थित हो तो जातक की अन्त्येष्टि धूमधाम से होती है तथा मृत्यु के पश्चात् उत्तम कुल में जन्म होता है।
2. लग्न में उच्चराशि का चन्द्रमा हो तथा कोई पापग्रह उसे न देखते हों तो जातक की सद्गति होती है तथा वह अपने पीछे कीर्ति कथाएँ छोड़ जाता है।
3. अष्टमस्थ राहु जातक को पुण्यात्मा बना देता है तथा मरने के पश्चात् वह राज्यकुल में जन्म लेता है, ऐसा विद्वानों का कथन है।
4. अष्टम भाव पर मंगल की दृष्टि हो तो तथा लग्नस्थ भौम पर नीच शनि का दृष्टि हो तो जातक रौरव नरक भोगता है।
5. अष्टमस्थ शुक्र पर गुरु की दृष्टि हो जो जातक मृत्यु के पश्चात् वैश्यकुल में जन्म लेता है।
6. अष्टम भाव पर मंगल और शनि इन दोनों ग्रहों की पूर्ण दृष्टि हो जो जातक अकाल मृत्यु से मरता है।
7. अष्टम भाव पर शुभ तथा अशुभ किसी भी प्रकार के ग्रह की दृष्टि न हो और न अष्टम भाव में कोई ग्रह स्थित हो जो जातक ब्रह्मलोक प्राप्त करता है।
8. लग्न में गुरु-चन्द्र, चतुर्थ भाव में तुला का शनि एवं सप्तम भाव में मकर राशि का मंगल हो तो जातक जीवन में कीर्ति अर्जित करता हुआ मृत्यु-उपरान्त ब्रह्मलीन होता है।
9. लग्न में उच्च का गुरु चन्द्र को पूर्ण दृष्टि से देख रहा हो एवं अष्टम स्थान ग्रहों से रिक्त हो तो जातक जीवन में सैकड़ों धार्मिक कार्य करता है तथा प्रबल पुण्यात्मा तथा मृत्यु के उपरान्त सद्गति का अधिकारी होता है।
10. अष्टम भाव को शनि देख रहा हो तथा अष्टम भाव में मकर या कुम्भ राशि हो तो जातक योगिराज पद प्राप्त करता है तथा विष्णुलोक प्राप्त करता है।
11. यदि जन्मकुण्डली में चार ग्रह उच्च के हों तो जातक निश्चय ही श्रेष्ठ मृत्यु का वरण करता है एवं पीछे अक्षयकीर्ति-वट स्थापित कर देता है।
12. एकादश भाव में सूर्य-बुध हों, नवम भाव में शनि तथा अष्टम भाव में राहु हो तो जातक मृत्यु के पश्चात् मोक्ष प्राप्त करता है।

विशेष योग-

1. द्वादशभाव शनि, राहु व केतु से युक्त हो, फिर अष्टमेश से युक्त हो अथवा षष्ठेश से दृष्ट हो तो मरने के बाद दुर्गति होगी- यह समझना चाहिए।
2. गुरु लग्न में हो, शुक्र सप्तम में हो, कन्या राशि का चन्द्रमा हो एवं धनुलग्न में मेष का नवांश हो तो जातक मृत्यु के पश्चात् परमपद प्राप्त करता है।
3. अष्टम भाव को गुरु, शुक्र और चन्द्र तीनों ग्रह देखते हों तो जातक मृत्यु के पश्चात् श्रीकृष्ण के चरणों में स्थान प्राप्त करता है, ऐसा आर्य ऋषियों का कथन है।

Prediction of Birth-Death from Planets

The hard work, dedication, spiritual knowledge and the in depth study of the movements of the planets have let the Indian sages to make such con-clusions that not only bear the testimony of the tine but they are also indicative of being a scientific reality based on the principles. This has happened because due to the scores of thousands of years of their meditation. These sages have also learnt through experience and also by contemplating on the tiny problems faced by human being in their daily life They have also unfolded the logic behind gain and loss, happiness and sorrow, life and death . They also studied the basis of the planets and their effect of their particular location and movement of the planets on the individual and the migration of past, present and future life as well. Preparation of Horoscope depends upon the time of birth and placement of the planets at that particular time of birth. From these located planets in the horoscope the origin of his past life is discovered and after what will be state of life after the death. Following is the summary of the situations in this context:

Relates to previous birth: —

1. In the chart of the houses in the horoscope if the lord of four or more houses are in exalted rasi or friendly rasi then the person has lived a good life in the previous life.
2. If the moon is lagna of friendly exalted rasi the child must be very intellectual and wise in his previous life.
3. Jupiter in lagna indicated that the child in his previous life was reli-gious and devoted Brahmin. If Jupiter being in exalted position and keeping an eye on lagna then the person in his past life has been a saint, virtuous, wise and self disciplined with restrain and austerity. this is the conclusion of saints who have realized through their eternal knowledge.
4. If the Sun is in the in 6th , 8th or the 12th house bhav and of Libra rasi the person in his past life lived a corrupt life.
5. If the Venus is in the 7th bhav or in the lagna the person in his past life could either be a king or a well known wealthy person enjoying a luxurious life.
6. Saturn when placed in lagna , eleventh, seventh or fourth house is in-dicative that the baby has come from unskilled worker class engaged in menial tasks.
7. If Rahu (Dragon Head) is located in the lagna or 7th house the baby in his past life has died a natural death.
8. Four or more grehas are of debilitated rasi in the kundli the person has definitely committed suicide in his past life.
9. If the mercury is in the lagna then it indicates that he was a son of a merchant and always engaged in troublesome pursuits.
10. Mars presence in7th, 6th and or in 10th house indicates that he was al-ways in anger and many people were victims s of his anger.
11. If the Jupiter is within the orbit of auspicious grehas and it is located om 5th or 9th bhav then person has been a detached soul all worldly attachments.
12. If Sun is in the 11th house. Jupiter in the 5th house and Venus in thel2th house then the person in his past life was a noble person and he was always help-ful to others and always ready to give donations and do charitable deeds in the name of God.

Planets Relating to Life after death —

What will be the state of his life after death can also be derived based on the planets in his horoscope. Following are the proven facts in relation the life after death:

1. Jupiter accompanied by exalted with cancer rasi situated in any house in horoscope means that his funeral will be like a celebration and takes next birth in a very noble dynasty.
2. Exalted rasi Moon situated in the Lagna without being watched by vicious planets then departed soul gets salvation and leaves behind his mark and goodwill.
3. Rehu in the 8th house the horoscope then intends to make the soul pure and religious and after death he gets born in a family of kings.
4. If Mars cover the 8th house then and is watched by debilitated Saturn then per-son goes to hell after death.
5. Venus located in 8th house and covered by Jupiter then person is borne in mer-chants family in the next life.
6. If 8th bhav covered fully by Saturn and Mars then person dies an eternal death.
7. If 8th bhav is not covered by auspicious or otherwise by any planet and neither any planet occupies this location then person with such horoscope attains salvation and goes to heaven.
8. Jupiter and Moon in lagna, Libra rasi Saturn in 4th bhav and 7th bhav Capricorn Mars then the person reaches height of popularity and in such state he breathes his last.
9. Exalted Jupiter keeping an eye on Moon planet and eighth house not occupied by any planet person with such situation of the planets in the horoscope performs multiple religious deeds. Such strong soul attains salvation and secures his place in the heaven.
10. If Saturn is watching 8th bhav and 8th bhav has either Cancer or Capricorn rasi then such person attains a saintly status and goes to heaven.
11. If 4 grehas occupy exalted position in the horoscope then the person definitely attains death with suffering and leaves his name and status in tact for all time to come.
12. 11th bhav is occupied by Sun, Mercury, and Saturn in 9th bhav, and Rahu in 8th bhav and being watched from the sixth then he attains salvation after death.
1. 12th bhav Saturn joined by Rahu and Ketu and joined by 8th house and watched by 6th house then he will face disgrace after his death.
2. When Jupiter is in lagna and Venus in 7th house, Virgo rasi Moon Sagittarius as-cendant occur in the horoscope such person attains salvation after death
3. Jupiter, Venus and Moon all three watch 8th bhav then he gets the glories of ord Krishna and attains salvation of the soul.

मृत्यु के समय क्या करें ?

मृत्यु के समय सबसे बड़ी सेवा है 'किसी भी उपाय से रोगी का मन संसार से हटाकर भगवान में लगा देना।' इसके लिए —

1. उसके पास बैठकर घर की, संसार की कारोबार की, कोई भी राग या द्वेष हो तो उनकी ममता के पदार्थों की तथा अपने दुख की चर्चा बिल्कुल ही न करें।
2. जब तक चेत रहे भगवान के स्वरूप, लीला तथा उनके तत्त्व की बात सुनावे। श्रीमद्भगवतगीता का (सातवें, नवें, बारहवें, चौदहवें, पंद्रहवें अध्याय का विशेष रूप से) अर्थ सुनावें। भागवत के एकादश स्कन्ध, योग वशिष्ठ का वैराग्य प्रकरण, उपनिषदों के चुने हुये स्थलों के उपदेश सुनावें। इनमें से रोगी का रुचि का ध्यान रखकर उसी को सुनावें। नाम कीर्तन में रुचि हो तो नाम कीर्तन करें। व सन्तों भक्तों के पद सुनावें। जगत के भौतिक पदार्थ की, राग द्वेष उत्पन्न करने वाली बात, ममता मोह को जगाने वाली चर्चा बिल्कुल ही भूलकर भी न करें।
3. रोगी भगवान के साकार रूप का प्रेमी हो तो उसको अपने इष्ट - भगवान विष्णु, राम, कृष्ण, शिव, दुर्गा, गणेश- किसी भी भगवद्रूप का मनोहर चित्र सतत दिखाते रहें। निराकार निर्गुण का उपासक हो तो उसे आत्मा व ब्रह्म के सच्चिदानन्द अद्वैत तत्त्व की चर्चा सुनावे।
4. उस स्थान को पवित्र धूप, कर्पूर से सुगन्धित रखें। कर्पूर या घृत के दीपक की शीतल परमोज्जवल ज्योति उसे दिखावे।
5. समर्थ हो और रुचि हो तो उसके द्वारा उसके इष्ट भगवत्स्वरूप की मूर्ति का पूजन करवायें।
6. कोई भी अपवित्र वस्तुय या दवा उसे न दें। चिकित्सक की राय हो तो भी उसे नशीली तथा जान्तव पदार्थों से बनी एलोपैथिक, होमियोपैथिक दवा बिल्कुल न दें। जिन आयुर्वेदिक दवाइयों में अपवित्र तथा जान्तव चीजें पड़ी हों उनको भी न दें। न ही खानपान में अपवित्र, तामसी तथा जान्तव पदार्थ दें। रोगी की क्षमता के अनुसार गंङ्गाजल का अधिक या कम पान करावें। उसमें तुलसी पत्ते अलग पीसकर, छानकर मिला दें और तुलसी मिश्रित गंङ्गाजल पिला दें।
7. गले में रुचि के अनुसार तुलसी या रुद्राक्ष की माला पहना दें। मस्तक पर रुचि के अनुसार त्रिपुण्ड या उर्ध्वपुण्ड तलिक पवित्र चंदन से, गोपीचंदन आदि से कर दें। अपवित्र केसर का तिलक न करें।
8. रोगी के निकट रामरक्षा या मृत्युञ्जय स्तोत्र का पाठ करें। एकदम अन्तिम समय पवित्र नारायण नाम की विपुल ध्वनि करें।
9. रोगी को कष्ट का अनुभ न होता दीखे तो गंङ्गाजल या शुद्ध जल से उसे स्नान करा दें। कष्ट होता हो तो न करावे।
10. विशेष कष्ट न होता हो तो जमीन को धोकर उस पर गंङ्गाजल के छींटे देकर भगवान का नाम लिखकर, गंङ्गा की रज या ब्रजरज हो तो डालकर चारपाई से नीचे सुला दें।
11. मृत्यु के समय तथा मृत्यु के बाद भी 'नारायण' नाम की या अपने इष्ट भगवान् नाम की विपुल ध्वनि करें। जब तक उसकी अर्थी चली न जाये, तब तक यथासम्भव कोई घरवाले रोवे नहीं।
12. उसके शव को दक्षिण की ओर पैर करके सुला दें। तदनन्तर शुद्ध जल से स्नान करवाकर, नवीन धुला हुआ वस्त्र पहनाकर अपनी जातिप्रथा के अनुसार शव यात्रा में ले जाये, पर पिण्डदान आदि कार्य जानकर विद्वान् के द्वारा अवश्य कराया जाय। शमशान में भी पिण्डदान तथा अग्निसंस्कार का कार्य शास्त्रविधि के अनुसार किया जाये। रास्ते पर भगवान्नाम की ध्वनि 'रामनाम सत्य है' 'हरि बोल' 'नारायण-नारायण' की ध्वनि होती रहे। शमशान में भी भगवत् चर्चा ही हो।

What Action should be taken at the time of Death?

The best service at the time of Death? The best service at the time ol death is to divert patient's mind from worldly things to God. For this :—

1. Do not talk with patient about worldly affairs, business, rivalry or enemity matters of affection and your own sorrow or anxiety.
2. Describe about forms, play and essence of God. Recite shri Mad Bhagwat Gita particularly 7th, 9th, 12th, 14th, 15th chapters and meaning of important slokas. Eleventh chapter of Bhagwat, Asceticism subject from Yogvashishth, important topics of Upanishad may be told to him. Try to find his interest, then narrate this. If he is interested in chanting any God's name or chanting the poems of great saints, recite with him.
3. If he is lover of idol worship of any God like Vishnu, Ram, Krishna, Shiv, Durga Maa. Ganesh. Show him the idol or the photograph of the same. If he is a worshipper of formless absolute God then describe about soul, Brahma and eternal peerless God.
4. That place should all the time be fragrant with dhoop, camphor, ghee or essence or show the ghee lamp's flicker.
5. If he is capable and interested then get the worship done of his own Lord.
6. Do not give any impure things or medicine. Do not give any medicine allopathic or homeopathic or made from alcohol even if advised by doctor. Any Ayurvedic medicine if contains impure or produced out of living things should not be given. Even in food containing any impure indictive substances should not be given. Keep on giving Ganges water depending on his acceptance. If possible the Ganges water may be mixed with juice of Tulasi leaves.
7. If possible wear him a rosary of 'Rudraksha' or 'Tulasi'. Put marks of Shivas' three lines or rising mark on forehead by pure Sandal paste. Do not put mark by impure saffron.
8. Recite 'Ramraksha Stotra' or mritunjaya stotra near the patient. At the final moments sound of pure Narayan name be made.
9. If the patient is not in pain, give him a pure Ganges water bath. Do not give bath if he is in pain.
10. Bring him down on the earth after cleaning the floor with Ganges water and writing God's name. If posible the dust from Ganges or from Brij be put on floor before putting the patient.
11. At the time of death or even after the death uproar of the name of Narayan or Lord be sounded. No one should cry till the body is taken away.
12. The legs of the dead body should be towards South. Then give bath with pure water, wear new clothes, and take the body for cremation as per individual tradition. Pinddaan or offering to the dead must be made by knowledgeable priest. At the cremation ground the pinddaan and fire ceremony be done as per scriptures. Throughout the journey recite "Ram nam satya hai, Hari bol, Narayan-Narayan". At the cremation ground discussion should be about God.

मृत्यु के उपरान्त क्या करें ?

मृत्यु उपरान्त पुत्र व बन्धुजनों के कर्त्तव्य —

मरणासन मनुष्य के मुंह में गंगाजल, पंचामृत, तुलसी डालें, सभी बन्धुजन हरि नाम का उच्चारण करें और मरणासन मनुष्य से भी हरि नाम को कहें। जब किसी की मृत्यु हो जो तो उत्तर दिशा की ओर सिर करके उस प्राणी को लिटाएं और उसकी आत्मा की शाँति हेतू तेल का दीपक दक्षिणामुख करके जलायें, अन्नादि भी दान के लिए रखें। ये तेन का दीपक दस दिन अवश्य जलायें। सनातन पद्धति के अनुसार दाह संस्कार करें व उस समय बंधुजन उस आत्मा की शाँति के लिए भगवद् नाम उच्चारण करें।

दाह संस्कारोपरान्त पुत्र व कुटुम्बियों के कृत्य —

- शवयात्रा के बाद सभी अपने घर जाएं, स्नान करके यज्ञोपवीत व शुद्ध वस्त्र धारण करें। फिर कुछ समय बैठकर भगवद् चिन्तन करें और मृतात्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें।
- दाह संस्कार के बाद दस दिन तक मदिर न जायें और न ही देव प्रतिमाओं का स्पर्श व पूजन करें। धर्मशास्त्रानुसार ये निषिद्ध है।
- किसी को प्रमाण न करें और न ही आशीर्वा दें।
- दूसरे का भोजन न करें और न ही दूसरों को भोजन बनवाएं।
- दस दिन तक ब्रह्मचर्य का पालन करें। भूमि पर शयन करें।
- सूर्यास्त के पूर्व भोजन करें।
- दस दिन तक मृतात्मा की शांति हेतू पिण्डदान व तिलांजलि दें। श्री गरूड़ पुराण या श्री विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र तथा श्रीमद्भागवत गीता का नित्य पाठ व श्रवण करें।
- माँस इत्यादि आमिष भोजन न करें।
- यदि संभव हो तो दस दिन के भीतर गंगा जी में अस्थि प्रवाह करें। इससे मृतक को वही फल प्राप्त होता है, जो तीर्थ पर मरण से होता है। वैसे भी अस्थि प्रवाह तो गंगा जी में ही करना चाहिए।

  दशाहाभ्यन्तरे यस्य गङ्गातोयेऽस्थि मज्जति।
  गङ्गायां मरणं यादृक् तादृक् फलमवाप्नुयात्॥

- यदि माता-पिता के अतिरिक्त किसी अन्य संबंधीजन के लिए दस दिन के पिण्डदान कर रहे हों और अमावस्या आ जाए तो अमावस्या को सभी दस पिण्डदान किये जा सकते हैं।

अन्त्यकर्मदीपक —

- ग्याहरवें या तेहरवें दिन नारायण बलि व मध्यम षोड़शी करें। सपिण्डी श्राद्ध, शैय्या दान करके 16वें दिन ब्रह्मभोज करवायें।
- मासिक तिथि में ब्राह्मणों को अन्नदान दें और वार्षिक श्राद्ध के समय पिण्डदान करके ब्राह्मणों को भोजन करवायें।

What actions should be taken after the death?

Duties of the son, family members and relatives —

At the time of death please keep on giving Ganges water, depending on his acceptance. Ganges water may be mixed with juice of Tulsi (basil) Leaves. All relatives in attendance should recite glories of God and urge the departing man to join in reciting Hari Nam also. When the person breathes his last, lay his dead body on the floor, facing his head north. The place thereafter should, all the time, be fragrant with dhoop. ghee or essence. An oil lamp is lit which continues to flicker for ten days. Cremation of the dead body is performed based on very ancient traditions of established practices and core belief. Everyone present at the cremation ground should recite Ram Naam to pray for peace to the departed soul.

Duties of the son and members of the family after cremation—

- After the cremation everyone must go to their homes, take bath, put sacred thread back and then wear another set of clean clothes.
- Up to ten days they should neither go to the temple, touch the deities or worship. This is prohibited by scriptures.
- Do not bow before any one nor seek blessing from any one.
- Do not take meals from any one nor offer meals to anyone.
- For ten days observe sexual abstinence and sleep on the floor.
- Take dinner every day (for ten days) before the sun set.
- For the peace of the soul of the departed offer pinddaan (offering to the dead) and also arrange for Katha of Garud Puran or Vishnu Sahasaranam Path.
- Completely avoid eating non vegetarian food If possible within ten days, please immerse ashes in the Ganges and by doing so the dead gets the same benefit as he would have by dying on a holy place.
- If you are offering Pinddaan for someone else for ten days in addition to parents and in this duration Amavasya happens to come then on Amavasya day (last day of the dark fortnight of the lunar month)all ten pinddaan can be done same day.
- On eleventh or thirteenth puja for gods is done. First Saradha is per-formed on this day which is called sapindi karna at which time the departed soul become a pitar. Whole affair concludes with the feeding of invited Brahmins.
- On the monthly anniversary donate food to the brahamins. On the Shraadh day perform pinddaan and offer meals to Brahmins.

ज्योतिष एवं रोग

मधुमेह (Diabetes) के कारक –

साधनों का कारक शुक्र, लीवर का कारक ग्रह बृहस्पति, मन का कारक ग्रह चंद्रमा, लीवर व पेट का उपरी भाग,अग्नाशय का यह भाग पंचम से जुड़ा हुआ है, और शुक्र हारमोंस का भी कारक ग्रह है। शुक्र व गुरु के साथ पंचम भाव भी इसके लिए बहुत ही जिम्मेदार है। शुक्र यदि सूर्य अथवा मंगल से पीड़ित होकर जलतत्व राशि में हो। बृहस्पति अथवा शुक्र यदि आठवें भाव में पीड़ित हों तो मधुमेह रोग होता है। शुक्र किसी पाप ग्रह के साथ आठवें भाव में पड़ा हो। शुक्र यदि दूसरे भाव में हो और लग्न भाव पीड़ित हो, साथ ही लग्नेश छठे भाव में षष्ठेश के साथ नीच का होकर स्थित हो।

मन का कारक ग्रह चंद्रमा जब सूर्य अथवा मंगल से पीड़ित हो और जलतत्व राशि में स्थित हो।चंद्रमा अगर शनि से पीड़ित हो।चंद्रमा अगर जलतत्व राशि में स्थित हो और राशि का अधिपति अगर छठे भाव में जलतत्व राशि में हो तो मधुमेह होता है।

गुरु और चंद्रमा आठवें भाव में स्थित ग्रह से पीड़ित हो। बृहस्पति अगर गुरु शनि से पीड़ित हो। बृहस्पति पूर्वषाढ़ा नक्षत्र में हो। बृहस्पति अगर राहू के नक्षत्र में हो या इससे प्रभावित हो। सातवें भाव में कर्क अथवा तुला राशि हो। तुला राशि अथवा सातवें भाव में हो या इससे एक से अधिक ग्रह स्थित हों।तो मधुमेह होता है।

रोग का भाव 6 और मृत्यु का 8वां भाव, 6 भाव का अधिपति अगर 8वें भाव में हो या 8वें भाव का अधिपति ६ भाव में हो। दो अथवा दो से अधिक ग्रह अगर छठे भाव में स्थित हों। राहू आठवें भाव के अधिपति के साथ छठे, आठवें अथवा बारहवें भाव में स्थित हो। आठवें भाव में पाप ग्रह हों, बृहस्पति और शुक्र पीड़ित हों तो मधुमेह रोग होता है।

चौथे और सातवें भाव के अधिपति छठे, आठवें या बारहवें भाव में हों। 6ठे या 7वें भाव के अधिपति का संबंध बारहवें भाव के अधिपति से हो और शनि से प्रभावित हो तो मधुमेह होता है।

दो या अधिक ग्रह जलतत्व राशि में पीड़ित हों।चौथे और सातवें भाव के अधिपति पीड़ित हों। तीसरे भाव का अधिपति बुध अथवा मंगल के साथ पीड़ित हो। बुध यदि गुरु की राशि (धनु अथवा मीन) में हो तो मधुमेह रोग होता है।

चर्म रोग के कारण–

चमड़ी का कारक बुध होता है। कुंडली में बुध जितनी उत्तम अवस्था में होगा, जातक की चमड़ी उतनी ही चमकदार एवं स्वस्थ होगी। बुध पाप ग्रह राहु, केतु या शनि से दृष्टि में या युति के साथ होगा तो चर्म रोग होने के पूरे आसार बनेंगे। रोग की तीव्रता ग्रह की प्रबलता पर निर्भर करती है। एक ग्रह दूसरे ग्रह को कितनी डिग्री से पूर्ण दीप्तांशों में देखता है या नहीं। रोग सामान्य भी हो सकता है और गंभीर भी। ग्रह किस नक्षत्र में कितना प्रभावकारी है यह भी रोग की भीषणता बताता है क्योंकि एक रोग सामान्य सा उभरकर आता है और ठीक हो जाता है। दूसरा रोग लंबा समय लेता है, साथ ही जातक के जीवन में चल रही महादशा पर भी निर्भर करता है। मंगल रक्त का कारक है, यदि मंगल किसी भी तरह से पाप ग्रहों से ग्रस्त हो, शत्रु राशिस्थ हो, नीच हो, वक्री हो तो वह रक्त संबंधी रोग पैदा करेगा। मुख्य बात यह है कि यदि मंगल बुध का योग होगा तो किसी भी प्रकार की समस्या अवश्य खड़ी होगी।

1. मंगल किसी भी तरह से पाप ग्रहों से ग्रस्त हो, नीच हो,शत्रु राशि हो या वक्री हो तो वह रक्त संबंधी रोग पैदा करेगा।
2. मंगल बुध का योग होगा तो रक्त या चर्म रोग की समस्या अवश्य खड़ी होगी।
3. मंगल शनि का योग शरीर में खुजली पैदा करने के साथ साथ रक्त भी खराब करेगा।
4. शनि पूर्ण बली होकर मंगल के साथ तृतीय स्थान पर हो तो जातक को खुजली का रोग होता है।
5. मंगल और केतु छठे या बारहवें स्थान में हो तो चर्म रोग होता है।
6. मंगल और शनि छठे या बारहवें भाव में हों तो व्रण (फोड़ा, छिद्र या घाव)) होता है।
7. मंगल षष्ठेश के साथ हो तो चर्म रोग होता है।
8. षष्ठेश शत्रुगृही, नीच, वक्री अथवा अस्त हो तो चर्म –रोग होता है।
9. षष्ठेश पाप ग्रह होकर लग्न, अष्टम या दशम स्थान में बैठा हो तो चर्म–रोग होता है।
10. बुध और राहु षष्ठेश और लग्नेश के साथ हो तो चर्म–रोग होता है।

ज्योतिष और बीमारी

11. षष्टम भाव में कोई भी ग्रह नीच, शत्रुक्षेत्री, वेक्री अथवा अस्त हो तो भी चर्म रोग होता है।

12. षष्ठेश पाप ग्रह के साथ हो तथा उस पर लग्नस्थ, अष्टमस्थ दशमस्थ पाप ग्रह की दृष्टि हो तो चर्म रोग होता है।

13. शनि अष्टमस्थ और मंगल सप्तमस्थ हो तो जातक को पंद्रह से तीस वर्ष की आयु में चेहरे पर फुंसी होती है।

14. लग्नेश मंगल के साथ लग्नगत हो तो पत्थर अथवा किसी शस्त्र से सिर में छिद्र होते हैं।

15. लग्नेश मंगल के साथ लग्नगत हो और उसके साथ पाप ग्रह हो अथवा पाप ग्रह की दृष्टि पड़ती हो तो पत्थर अथवा किसी शस्त्र के द्वारा सिर में व्रण (छिद्र या घाव) होता है।

16. लग्नेश शनि के साथ लग्न में बैठा हो और उस पर पाप ग्रह की दृष्टि हो अथवा लग्न में और कोई भी पाप ग्रह हो तो जातक के सिर में चोट से या अग्नि से व्रण (छिद्र या घाव) होते हैं।

17. षष्ठेश, राहु अथवा केतु के साथ लग्न में बैठा हो तो जातक के शरीर में व्रण (छिद्र या घाव) होता है।

गुर्दे की समस्या एवं ग्रह दशा–

कुंडली का सप्तम भाव गुर्दों का स्थान है। सप्तम भाव का कारक ग्रह शुक्र होता है। इसलिए शुक्र सप्तमांश, सप्तम भाव का दुष्प्रभावों में रहने के कारण गुर्दे का रोग होता है। इसके साथ अगर लग्नेश भी दुष्प्रभावों में हो, तो गुर्दे के रोग के कारण जातक की मृत्यु भी हो जाती है। ग्रह गोचर,दशा–अंतर्दशा के अनुसार रोग का समय एवं उसकी अवधि निर्धारित किये जाते हैं ।प्रत्येक ग्रह के शुभ और अशुभ दोनों ही प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर पड़ते हैं।

मेष लग्न– शुक्र बुध के साथ ग्यारहवें भाव में हो और मंगल सप्तम भाव में शनि से दृष्ट, चंद्र या सूर्य राहु– केतू के प्रभाव में हो, तो जातक को गुर्दे का रोग होता है।

वृष लग्न– गुरु–मंगल लग्न में, शुक्र अष्टम भाव में, शनि पंचम में, सूर्य और चंद्र पर राहु या केतु की दृष्टि हो, तो गुर्दा रोग के कारण जातक की मृत्यु होती है।

मिथुन लग्न– सप्तम भाव में मंगल, शुक्र, शनि, दशम भाव में बुध, नवम भाव में सूर्य, राहु अष्टम में हो, तो जातक को गुर्दा रोग होता है।

कर्क लग्न– शुक्र–बुध सप्तम भाव में, शनि द्वितीय भाव में, राहु सप्तम भाव में, सूर्य अष्टम भाव में हो, तो गुर्दा रोग होता है।

सिंह लग्न– शनि–शुक्र अष्टम भाव में, गुरु–बुध सप्तम भाव में, सूर्य षष्ठ भाव में, राहु दशम भाव में चंद्र के साथ हो, तो जातक को गुर्दे का रोग होता है।

कन्या लग्न– मंगल लग्न में, चंद्र, शुक्र, शनि सप्तम भाव में, बुध अष्टम भाव में, सूर्य नवम में राहु से दृष्ट हो, तो जातक को गुर्दे का रोग होता है।

तुला लग्न– गुरु लग्न में, शुक्र अष्टम में मंगल के साथ हो, चंद्र लग्न में राहु से दृष्ट हो, तो जातक को गुर्दे का रोग होता है।

वृश्चिक लग्न– षष्ठेश, शुक्र बुध लग्न में हों, सूर्य द्वादश में राहु से दृष्ट हो, तो गुर्दा रोग होता है।

धनु लग्न– शुक्र, बुध ग्यारहवें भाव में, सप्तम भाव पर शनि की दृष्टि हो, सूर्य तथा चंद्र राहु–केतु से पीडित हों और लग्नेश पाप ग्रह के साथ हो तो जातक को गुर्दा रोग होता है।

मकर लग्न– गुरु सप्तम भाव में, चंद्र ग्यारहवें भाव में राहु से युक्त हो, शुक्र पंचम भाव में, शनि, बुध षष्ठ भाव में हो , तो जातक को गुर्दे का रोग होता है।

कुंभ लग्न– शनि–शुक्र दशम भाव में, चंद्र सप्त भाव में, बुध के साथ सूर्य अष्टम भाव में राहु से दृष्ट हो, तो जातक को गुर्दों का रोग होता है।

मीन लग्न– शनि सप्तम भाव में,सूर्य लग्न में, शुक्र–बुध द्वादश भाव में, गुरु अष्टम भाव में और राहु पंचम में हों, तो जातक को गुर्दे से संबंधित रोग होता है।

स्वप्न विज्ञान

स्वप्न एक विज्ञान है, मनुष्य अहर्निश कुछ न कुछ सोचता है। विचारों का आन्दोलन चलता ही रहता है, कुछ सोचता है, कुछ सुनता है, कुछ करता है, ऐसे भ्रान्ति स्वप्न भी मनुष्य देखा करता है। स्वप्न कुछ सत्यता के द्योतक होते हैं। तो कुछ भ्रान्ति जन्य। हमारे धर्म शास्त्रों में मुख्यत: सात प्रकार के स्वप्न कहे हैं, जैसे- 1. दिन में सुने हुए को स्वप्न में देखना। 2. दिन में देखे हुए को देखना। 3. इच्छा की हुई वस्तु की प्राप्ति। 4. दिन में परीक्षित वस्तु को स्वप्न में देखना। 5. कल्पि वस्तु की प्राप्ति। 6. अनसुना, अनदेखा, विलक्षणता हेतु स्वप्न देखना। 7. शारीरिक रुग्णतावश स्वप्न देखना। इनमें जो छठई प्रकार का स्वप्न है वास्तव में वही फलदायक है अच्छा या बुरा। सप्तम प्रकार का स्वप्न फलदायक कहा है।

स्वप्न फल—

रात्रि के प्रथम पहर में देखा गया एक वर्ष तक शुभ या अशुभ फल देता है। दूसरे पहर का 6-8 मास में, तृतीय पहर में देखा स्वप्न 3-4 मास में, चतुर्थ पहर वाला स्वप्न एक मास के अन्दर, सूर्योदय समय में देखा एक सप्ताह के भीतर फल देता है। दिन में देखे गये स्वप्न प्राय: व्यर्थ ही कहे गये हैं।

याद रखें कि शुभ स्वप्न के बाद सो जाना स्वप्न का फल समाप्त कर देता है। अशुभ स्वप्न की शान्ति के लिये अपने इष्ट देव की आराधनाा, शिव पूजन, महामृत्युञ्जय जाप तथा यथाशक्ति दान, विप्र भोजन, विष्णु सहस्रनाम पाठ तथा चण्डी पाठ करना समस्त अरिष्टों का फल कम करते हैं, निवारण करते हैं।'शेष हरि इच्छा।'

स्वप्न	फल	स्वप्न	फल	स्वप्न	फल
आम का वृक्ष	सन्तान की प्राप्ति	भैसें की सवारी या दक्षिण	मृत्यु का सूचक	मुण्डन करना	घर में सुख वृद्धि
आग उठाना	परेशानी का प्रतीक	दिशा की ओर जाना		मन्दिर देखना	मनोकामना सिद्ध
आकाश दिखाना	तरक्की	बर्फ गिरते देखना	कष्ट आवे	बारात देखना	मानसिक परेशानी चिन्ता
अपनी शादी देखना	संकटों का आगमन	शमशान घाट देखना	दीर्घ आयु	विष खाना	परेशानी का सूचक
आलिंगन करना	धन लाभ	श्राद्ध करना या देखना	पितरो की प्रसन्नता	विमान देखना	शुभ
कौये का बोलना	प्रियतम से मिलान	सांप देखना	भय परेशानी हो	शव देखना	शुभ
दर्पण में मुख देखना	प्रिया मिलन	अपने को जल में देखना	दुख से छुटकारा	स्नान करते देखना	व्यवसाय में वृद्धि
बिच्छु या सर्प द्वारा	विपत्ति का नाशक	सूखा वृक्ष देखना	मृत्युवत कष्ट	रिश्वत लेना	मान हानि
जल में काटना		दीपक का टिमटिमाते देखना	निरोगी को रोग तथा	रोगी देखना	कष्ट-पीड़ा से छुटकारा
घर में किसी की मृत्यु	लक्ष्मी एवं सुख वृद्धि		रोगी की मृत्यु का सूचक	रेल देखना	यात्रा में कष्ट या कष्टप्रद यात्रा
कोयला देखना	झूठा आरोप लगे	सांप का गिरना	रोग चिन्ता	विधवा देखना	आयु का ह्रास
कूप में गिरना	परेशानी बढ़े	सांप का काटना	धन लाभ	हत्या देखना	परेशानी आना
छींकना	कार्य में बाधा आये	सांप का पकड़ना	शत्रु पर विजय	कैं ची चलाना	अकारण विवाद
तितली का दर्शन	प्रेम में लाभ मिले	बूढ़ी स्त्री व बारात देखना	दुख चिन्ता का आगमन	कटा सिर देखना	चिन्ता-परेशानी
चिकित्सा देखना	रोग की सम्भावना	तेल मलना व उससे स्नान	मृत्यु का प्रतीक	अपने को मृत्य देखना	आयु की वृद्धि
गर्भपात देखना	भयानक रोग	पूजा करते देखना	उन्नति होगी	ताला बन्द देखना	कार्यों में विघ्न-उलझनें
जहाज दर्शन	यात्रा या स्त्री क्लेश	पूजारी देखना	धार्मिक रुचि की वृद्धि	शमशान घाट देखना	दीर्घ आयु का द्योतक
दवाई का पान	रोगों का नाश	प्रेत देखना	सौभाग्य वर्धक	दूध, पानी	प्रसन्नता का समाचार
गोदुग्ध पान करना	प्रसन्नता की प्राप्ति	लाल कपड़े पहनना	कष्ट आये	ग्रहण देखना	गुप्त चिन्ता निराशा
कन्या देखना	उन्नति, प्रगति पद	सूर्य, चंद्र का तेजहीन दर्शन	कष्ट, भय	डाक्टर देखना	रोग का सूचक
दूरभाष पर वार्ता करना	शुभ समाचार मिले	राजा, गौ, विप्र, पर्वत बगीचा	सकल मनोरथ पूर्ण हो	घोड़े पर बैठना	विजय की प्राप्ति
तपस्वी का दर्शन	शान्ति की प्राप्ति	बहती नदी आदि देखना		अंधेरा देखना	दुख, तकलीफ का प्रतीक है

Science of Dreaming

Study of dreaming is now considered a science. At every moment man is thinking something or the other. There is a continuous struggle and thoughts. Man thinks something, listens something and does something. Similarly, man goes on dreaming. Some of the dreams are signals of the truth while others are merely illusions. According to Hindu scriptures, there are mainly six types of dreams.1. To hear in the dream what has been heard during the day. 2. To see in the dream what has been observed during the day. 3. To dream about something which has been dealt with during the day. 4. To get a desired thing in the dream. 5. To dream of an unheard or unseen thing. 6. Dream as a result of physical ailment. The fifth type of dream from the above is the most important in signifying a good or bad reward. The sixth type of dream is of inter-mediate importance in signifying a reward. Dream reward: Dreams observed in the first quarter of the night signify good or bad reward in one year. Dreams observed in the second quarter are effective in imparting a result for 6-8 months. dreams observed in third quarter in 3-4 months and dreams observed in the forth quarter in. one month. Dreams observed at sunrise are effective for a week and dreams observed during the day are considered practically without significance.

Dream	**Result**
Mango Tree	Bestowment of offsprings
Picking up of fire	Symbol of botheration
Visualization of sky	Progress
Observation of own marriage	Dawn of problems
Embracement	Gain of wealth
Crowing of a crow	Meeting with the lover
Seeing a face in the mirror	Meeting the beloved
Snake or scorpion bite in water	Destruction of difficulties
Mourning	Wealth and happiness
Observation of coal	False accusation
Fall in a well	Increase in worries
Sneezing	Obstruction in work
Observation of a butterfly	Success in love
Observation of a physician	Possibility of disease
Observation of abortion	Serious medical problem
Sighting of a ship	Problems with wife
Drinking cow's milk	Happiness
Conversation on telephone	Good News
Sighting of an ascetic	Attainment of peace
Riding a buffalo towards south	Message of death
Sighting of snowing	Pain and suffering
Cremation ground	Long life
Perfomance or watching 'Shradh'	Pleasing of dead ancestors
Finding oneself in the prison	Freedom from suffering
Sight of a dead tree or a dry river bed	Possible Death
Flickering of a lamp	Healthy person gets sick and a sick person faces death
Fa11 of a snake	Diseases and worry
Snake bite	Wealth gain
Catching a snake	Defeating the enemy
Sighting of an old woman or a marriage party-	Beginning of suffering and worries
Oil massage or oil bath	Signal of death
Observation of worship	Message of progress
Sighting of a priest	Increases in religious activities
Sighting of a ghost	Increase in good fortune
Wearing red cloths	Fear and suffering
Sight of a dull Sun or moon	Fear and suffering
Sight of a cow, Mountain, flowing river	Fulfilment of all desires
Tonsure Increased	Happiness
Seeing temple	Fulfillment of desire
Marriage procession	Mental troubles and worries
Seeing ghosts	Auspicious increased luck
Consuming poison	Indicate troubles
Seeing airplanes	Auspicious
Seeing dead body	Auspicious
Seeing taking bath	Increased business
Taking bribes	Prestige loss
Seeing an ill person	Relief from troubles
Seeing a train	Troubles in the journey
Seeing a widow	Loss of longevity
Seeing a murder	Entering toubles
Using scissors	Unnecessary conflict
Seeing a severed head	Problems and toubles
Seeing oneself dead	Increased longevity
Seeing locked house	Obstacles in jobs
Seeing a funeral house	Indicate long life
Drinking milk	Happy news
Seeing a customer	Secret troubles
Seeing a doctor	Indicate illness
Sitting on a horse	Indicate victory
Seeing darkness	Indicate sorrow and troubles

Please note:

Sleeping after a good dream destroys the good edicts of the dream and sleeping after a bad dream reduces the bad effects of the dream. To reduce the influence of a bad dream, one should pray to one's dear 'Devta', perform Shiv pooja and 'Mahamrityu jaap' and gives alms according to one's capacity. Performing of 'Vishnu' and 'Chandi' paths reduces or removes all bad effects of bad dreams.

महत्त्वपूर्ण मुहूर्त ज्ञान

1. **जातकर्म व नामकरण मुहूर्त—** रवि, सोम, बुध, बृहस्पति वारों में शुभ है। द्वितीया, तृतीया, पंचमी, सप्तमी, दशमी, पूर्णिमा तिथियाँ शुभ हैं। अश्विनी, रोहिणी, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, स्वाति, चित्रा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मृगशिरा, मूला, उत्तराषाढ़ा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपद व धनिष्ठा नक्षत्र शुभ है। 2,5,8,11 लग्न अच्छे हैं।

2. **नवीन वस्त्र धारण मुहूर्त—** रवि, सोम, बुध, बृहस्पति, शुक्र वारों में भद्रारहित तिथियों में, अश्विनी, हस्त, चित्रा, विशाखा नक्षत्रों में शुभ है।

3. **मुण्डन मुहूर्त—** सूर्य उत्तरायण में, वर्ष जन्म से 1,3,5,7 वर्षों में, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी तिथियों को छोड़कर 2,4,6,9,12 लग्नों में, रवि, सोम, बुध, शुक्र वारों में व पुनर्वसु, पुष्य, ज्येष्ठा, मृगशिरा, हस्त, अभिजित श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवतीआदि नक्षत्रों में शुभ माने जाते हैं।

4. **विद्यारम्भ—** रवि, गुरुवारों में शुभ है। द्वितीया, पञ्चमी, षष्ठी, दशमी, एकादशी, द्वादशी तिथियाँ हस्त, चित्रा, स्वाति, श्रवण, धनिष्ठा, उत्तरा तीनों, अश्विनी, मृगशिरा, आर्द्रा, रेवती आदि शुभ माने जाते हैं।

5. **यज्ञोपवीत—** सूर्य उत्तरायण में हो। पूर्वाषाढ़ा, अश्विनी, हस्त, स्वाति, श्रवण, शतभिषा, ज्येष्ठा, पूर्वाफाल्गुनी, मृगशिरा, पुष्य, रेवती आदि नक्षत्र शुभ माने जाते हैं। शुक्ल पक्ष की द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी तिथियाँ, रवि, सोम, बुध, बृहस्पति वारों में, 2,3,5,6,9 लग्न व शुभ ग्रहों के योग में शुभ माना जाता है।

6. **मुकद्दमा दायर करना—** रवि, मंगल, शुक्रवार, द्वितीया, पञ्चमी, अष्टमी, दशमी, पूर्णिमा तिथियाँ 3,6,7,8 लग्न, आश्लेषा, मघा, अश्विनी, भरणी आदि नक्षत्र शुभ हैं।

7. **नये घर में प्रवेश—** शुभ मास में सोम, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि वारों में, द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी, दशमी, एकादशी तिथियों में 2,5,8,11 लग्नों में, रोहिणी, मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा, रेवती, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपद, उत्तराषाढ़ा तथा शुक्ल पक्ष शुभ हैं।

8. **दुकान खोलने का मुहूर्त—** सोम, बुध, बृहस्पति, शुक्र वारों को, द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, सप्तमी, दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी तिथियाँ, रोहिणी, उत्ताषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, पुष्य, चित्रा, रेवती, अनुराधा, मृगशिरा, अश्विनी आदि नक्षत्र शुभ हैं।

9. **जमीन जायदाद खरीदने का मुहूर्त—** माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, मार्गशीर्ष मास शुभ माने जाते हैं। दोनों पक्षों की 1,3,5,6,20,15 तिथियाँ सोम, बुध, बृहस्पति, शुक्रवार तथा मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, विशाखा, अनुराधा, पूर्वाषाढ़ा, मूलां, फाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद, रेवती, स्वाति तथा शतभिषा नक्षत्र प्राय: भूमि अचल सम्पत्ति लेन देन में प्रशस्त है।

10. **रामायण, भागवत आदि ग्रन्थ पारायण मुहूर्त—** वैसे श्री मद्भागवत आदि में पारायण विधि अङ्कित होती है तथापि शुक्ल पक्ष की 2,3,5,7,10,13,15 तिथियाँ, अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, तथा शतभिषा, रेवती नक्षत्र तथा रवि, सोम, बुध, बृहस्पति, शुक्रवार शुभ माने जाते हैं। शुभ मुहूर्त में किया गया अनुष्ठान ही प्रवक्ता-श्रोता का आध्यात्मिक विकास करेगा।

11. **बच्चे के दात का आना—** जन्म दिन से पाँच मास के भीतर तथा दान्त सहित जन्म लेना शुभ नहीं। छठे मास के बाद दान्त आना शुभ होता है।

12. **विवाह मुहूर्त—** वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, मार्गशीर्ष, कार्तिक, माघ, फाल्गुन मास शुभ माने जाते हैं। तिथियों में 1,2,3,5,7,8,10,11,12,13 व पूर्णिमा शुभ है। रोहिणी, मृगशिरा, मघा, उत्तरा, तीनों, हस्त्र चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूला, रेवती, नक्षत्र विशेष शुभ होते हैं। तदतिरिक्त चैत्र, पौष मास, पूर्णत: होलाष्टक, श्राद्ध पक्ष, गुरु शुक्रास्त काल, सूर्य-चन्द्र ग्रहण काल विशेष रूप से त्याज्य है। गुरु, शुक्र व चन्द्रबल अवश्य विचारणीय है।

13. **नौकरी आरम्भ करने का मुहूर्त—** हस्त, चित्रा, अनुराधा, रेवती, अश्विनी, मृगशिरा, पुष्य नक्षत्रों में। रवि, बुध, बृहस्पति, शुक्र वारों में। चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी, अमावस तिथियों को छोड़कर नौकरी शुरु करना लाभपद्र होता है।

14. **बड़े व्यापार करने का मुहूर्त —** हस्त, पुष्य, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद, उत्तराफाल्गुनी, चित्रा नक्षत्रों में, बुध, बृहस्पति, सोमवारों में तथा द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, सप्तमी, दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी तिथियों में व्यापार आरम्भ करना अच्छा होता है।

